Title: Demand to complete the pending gauge conversion work in Gujarat.

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं कि गुजरात राज्य में रेल लाइन बिछाने का जो कार्य हो रहा है वह बहुत धीमी गति से चल रहा है। मेरी आपके माध्यम से मांग है कि रेल लाइन का कार्य द्रुत गति से करना चाहिए। जितना फंड गुजरात में रेल लाइन बिछाने के लिए आबंटित होना चाहिए वह नहीं हो रहा है जिससे रेल लाइन का काम बहुत समय से लंबित पड़ा है और पिछड़ रहा है। वीरमगांव, मैहसाना, सूरत एवं भावनगर ब्राडगेज का काम जल्दी हो, इसके लिए हम बहुत समय से मांग करते चले आ रहे हैं, लेकिन वह नहीं हो रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र के बावला, दौलका एवं धन्धुका और वीरमगांव से बहुत संख्या में व्यापारी लोग मुम्बई एवं अन्य नगरों को जाते हैं, लेकिन बहुत कम आरक्षण का कोटा होने के कारण वे वहां जाने में बहुत कठिनाई महसूस कर रहे हैं और कोटा बढ़ाने के लिए हमने बार-बार मांग की है, लेकिन रिजर्वेशन का कोटा नहीं बढ़ाया जाता है। परिणामतः लोग बहुत मुसीबत में यात्रा करते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि जिस प्रदेश के रेल मंत्री महोदय होते हैं, वे अपने ही प्रदेश में रेलवे की सुविधाएं बढ़ाते हैं। अभी तक का हमारा यही अनुभव रहा है। जहां और जिन प्रदेशों के रेल मंत्री नहीं होते हैं वे क्षेत्र रेलों के विकास के मामले में पिछड़ते चले जाते हैं। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि गुजरात के अंदर रेलवे का जो काम लंबित है उसे शीघ्र पूरा किया जाए।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में यह भी लाना चाहता हूं कि गुजरात सरकार ने भी कोंकण रेलवे की तरह, गुजरात सरकार और प्राइवेट भागीदारी में कार्पोरेशन बनाने का निर्णय लिया है। मेरा आग्रह है कि उसे मान्यता और सहायता प्रदान की जाए।